हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

11 नीट में जिले के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन


12 जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन से बढ़ेगा विकास



**PACE**
GROUP OF INSTITUTIONS

**हरियाणा में झज्जर,झज्जर में पेस,पढ़ाई में है सर्वश्रेष्ठ**
Nursery - Class 12
• Science • Commerce • Humanities
Address:-Near Savera School, Arya Nagar, Jhajjar
+91 7419888021,22,23,24,25,26,27,28

SPECIAL COACHING
IIT, NEET, UPSC, CUET , CA, CLAT, NDA, IMO, KVPY, NTSE, RMO, VVM

## हम नहीं हमारा रिजल्ट बोलता है !

## NEET RESULTS-2026

## IIT & NEET DROPPER BATCH ALREADY STARTED
## ONE WEEK FREE DEMO CLASSES


AIR- 521
MAHAK DROPPER (JHAJJAR)


AIR- 1109
ANTIM DROPPER (JHAJJAR)


AIR- 1768
SIMRAN DROPPER (JHAJJAR)


AIR- 8779
ANIKA 12TH CLASS (JHAJJAR)


AIR- 14286
DEEPANSHU 12TH CLASS (JHAJJAR)


AIR- 14561
AKSARA DROPPER (JHAJJAR)


AIR- 21800
SHIVANSHI DROPPER (JHAJJAR)

## BELOW AIR-30000 (12 STUDENTS)

## 5 DISTRICT TOPPERS IN JUST ONE YEAR-2025-26


RUPESH KHUNGI (12TH CLASS)
IIT MAINS RESULT 2026
(99.5 %ILE)


GOUTAM (SILANI) (12TH CLASS)
IIT ADVANCE RESULT 2026
(AIR-712)


TANISHA (DAWLA) (12TH CLASS)
12TH CLASS RESULT 2025-26
(98.2 %)


ABHISHEK (GUDHA) (12TH CLASS)
CUET RESULT 2026
MATH(99.95%ILE)
PHYISCS-(99.20 %ILE
CHEMISTRY-(99.10%ILE)


MAHAK (JHAJJAR) (DROPPER CLASS)
AIIMS B.SC NURSING RESULT 2025-26
(CAT. RANK-21)
(AIR-42)

## ADMISSION BASED ON NEET SCORE -2026

| EXPECTED NEET SCORE 2026 | FEE (₹) |
|---|---|
| 450 + | FULL FEE WAIVER |
| 400+ | 25000/- |
| 350 + | 35000/- |
| 300 + | 40000/- |
| 200+ | 50000/- |

YOUR DREAM. OUR COMMITMENT

LIMITED OFFER

APPLY NOW

## खबर संक्षेप

### गांव खरमाण में खेतों से सोलर मोटर चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव खरमाण में एक किसान के खेत में चोरी हो गई। अज्ञात चोर उसके खेत से सोलर मोटर चुरा ले गए। वारदात महेंद्र के खेतों में हुई है। जब वह खेत में गए तो मामले का पता चला और पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंधक बना भाभी से रेप करने के आरोप में केस

**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने एक विवाहित महिला की शिकायत पर उसके देवर के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके देवर ने 6 जुलाई से 15 जुलाई के बीच उसे घर के अंदर जबरन बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और तार से गला दबाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### चोरी के दो आरोपी दबोचे 700 ग्राम सोना बरामद

**रोहतक।** रेलवे रोड स्थित शंकर मार्केट के एक ज्वेलर्स शोरूम से करीब 700 ग्राम सोना चोरी होने के मामले में शहर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई ज्वैलरी भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया में भेज दिया गया। पुलिस ने पंजाब निवासी मंदीप की शिकायत पर शहर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शंकर मार्केट स्थित ज्वेलर्स की दुकान का संचालन मंजीत करता है। दुकान पर लल्ला नाम का युवक कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। आरोपी लल्ला ने मौके का फायदा उठाकर मंदीप के बैग से दुकान की चाबी निकाल ली। इसके बाद 9 जुलाई को उसने दुकान का ताला खोलकर करीब 700 ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर लिए और फरार हो गया।

### 10 साल के बच्चे को सड़क पर पटका

**रोहतक।** गली में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने ऐसा हिंसक रूप ले लिया कि एक 10 वर्षीय मासूम को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। आरोप है कि पड़ोसी ने पहले बच्चे को साइकिल से टक्कर मारकर गिराया, फिर थप्पड़ जड़े और गुस्से में उसे उठाकर सड़क पर पटक दिया। पूरी घटना का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई है और परिजनों का दावा है कि थप्पड़ों के बाद उसे सुनने में भी परेशानी होने लगी है। राहगीर के मौके पर पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग निकला। मामले की शिकायत मिलने के बाद कलानौर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम में राज्य मंत्री राजेश नागर ने पीएम मोदी के कार्यकाल को विकास काल बताया

# हाइड्रोजन ट्रेन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने जींद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन सेट परियोजना को हरी झंडी दिखाने के साथ-साथ 14,700 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण के वर्ष रहे हैं। आज भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और हरियाणा इस विकास यात्रा का सशक्त भागीदार है। उन्होंने जींद-सोनीपत रेलखंड पर शुरू की गई देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेनसेट परियोजना भारत को स्वच्छ, हरित एवं आधुनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में अग्रणी बनाएगी। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की तकनीक अपनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी निशा व शीतल को मकानों की चाबियां भी सौंपी। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश अब केवल विकास की बात नहीं कर रहा, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, मनीष बंसल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते राज्यमंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि

### समर्थकों संग जींद रवाना हुए अहलावत

बहादुरगढ़। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जींद में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में शामिल होने के लिए रवाना हुए। राम अहलावत ने इसे हरियाणा और देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारत की तकनीकी प्रगति, आत्मनिर्भरता और आधुनिक सोच का प्रतीक है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने रैली को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं के साथ झज्जर रवाना होते दिनेश कौशिक।

### भाजपा पदाधिकारियों में दिखा उत्साह

**बहादुरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद दौरे के साथ ही झज्जर के नेहरू कॉलेज में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में भाजपा विधानसभा क्षेत्र संयोजक दिनेश कौशिक के साथ तमाम पदाधिकारी उत्साह के साथ पहुंचे। दिनेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेनसेट परियोजना का शुभारंभ करना हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। भारत तेजी से आधुनिक तकनीक और स्वदेशी निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। देश में स्वदेशी तकनीक, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और नई परिवहन परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार देश और प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

### पेयजल टैंकों में जमी है गाद, लंबे समय से नहीं हुई सफाई

# खरहर के घरों में हो रही गंदे व बदबूदार पानी की आपूर्ति, बढ़ा बीमारी का खतरा

**ग्रामीणों ने कहा, पेयजल की टंकियों की सफाई करवाकर उपलब्ध करवाएं शुद्ध पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव खरहर के जलघर स्थित पेयजल टैंकों की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण उसके तल में बड़ी मात्रा में गाद जमा हो गई हैं। इसका असर अब गांव की पेयजल व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि घरों में गंदा और बदबूदार पानी पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलापूर्ति के दौरान कई बार पानी में मिट्टी, कचरे के कण और गंदगी दिखाई देती है। दूषित पानी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों में जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि कई बार विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक टंकी की सफाई नहीं करवाई गई।

ब्लॉक समिति सदस्य आशीष राठी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और यदि समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई नहीं होगी तो लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि टंकी की सफाई करवाई जाए, पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।



बहादुरगढ़। खरहर के वाटर टैंक में जमी गाद दिखाते आशीष राठी। फोटो : हरिभूमि

## कानोदा का आंबेडकर भवन सात साल से पड़ा है अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव कानोदा में वर्ष 2019-20 में शुरू हुआ आंबेडकर भवन आज तक पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और ठेकेदार ने गंभीर लापरवाही बरती। इसके चलते भवन तैयार होने से पहले ही जर्जर हालत में पहुंच गया है।

ग्रामीणों के अनुसार अधूरा भवन अब लावारिस पशुओं और शराब पीने वालों का अड्डा बन चुका है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भवन के आसपास गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहती है। नालियों का पानी सही तरीके से नहीं निकलने के कारण परिसर में हमेशा गंदा पानी जमा रहता है। बरसात के दौरान भवन की छत से पानी टपकता है, जबकि कई पिलर टेढ़े हैं और उनमें से सरिया भी बाहर निकल चुका है।



बहादुरगढ़। कानोदा में जर्जर हालत में पड़ा अधूरा आंबेडकर भवन।

### शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

आंबेडकर सभा बहादुरगढ़ के पूर्व महासचिव जगबीर मेहरा ने बताया कि पिछले सात वर्षों में ग्रामीण कई बार पंचायत, बीडीपीओ, एसडीएम और उपायुक्त को शिकायत दे चुके हैं। ग्रामीण डीसी कार्यालय में भी ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन आज तक न तो भवन का निर्माण पूरा हुआ और न ही इसकी गुणवत्ता की जांच कर दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भवन की तकनीकी जांच कराकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा अंबेडकर भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए, ताकि इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल सके।

### जानलेवा हमले के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया काबू

**बहादुरगढ़।** थाना बादली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना बादली प्रभारी सुमित कुमार के अनुसार गांव बुपनिया निवासी रामवीर 12 जुलाई रात अपने घर के बाहर गली में हर रोज की तरह सो रहा था। इसी दौरान काले कपड़े पहने एक युवक ने किसी नुकीले हथियार से उसे जान से मारने की नीयत से छाती और हाथों पर कई वार किए। शोर मचाने पर पहले से मोटरसाइकिल पर मौजूद उसके दो साथी हमलावर को लेकर मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और थाना बादली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान जतिन, पंकज और सोहिल निवासी बुपनिया के रूप में की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। अदालत में पेश किए जाने पर जतिन और सोहिल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि पंकज को गहन पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## एनआईसीएमएआर ने लॉन्च किया पाठ्यक्रम

**बहादुरगढ़।** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने एनआईसीएमएआर दिल्ली-एनसीआर के सहयोग से विकसित सिविल कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट पाठ्यक्रम को एनयूएलपी आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. अमित गोयल ने बताया कि पाठ्यक्रम अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट मानकों और भारतीय मानक के अनुरूप विकसित किया गया है, जिससे सार्वजनिक परियोजनाओं का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। यह पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरों और सार्वजनिक अवसंरचना क्षेत्र के पेशेवरों की परियोजना प्रबंधन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें योजना, समय-निर्धारण, निगरानी, लागत, गुणवत्ता, संसाधन व अनुबंध प्रबंधन सहित 22 विशेषज्ञ शिक्षण सत्र, केस स्टडी, साइट विजिट और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण शामिल हैं।

## परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर विद्यार्थियों ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एमडीयू तथा हरियाणा स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में सत कबीर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट और सत कबीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बेहतर परिणाम आने पर प्रबंधन व विद्यार्थियों ने खुशी जताई है।

बीटेक अंतिम वर्ष के सिविल इंजीनियरिंग का परिणाम 98 प्रतिशत, कंप्यूटर इंजीनियरिंग 92 प्रतिशत, मैकेनिकल इंजीनियरिंग 91 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग 82 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 78 प्रतिशत रहा। सिविल इंजीनियरिंग में संदीप ने पहला, पवन ने दूसरा तथा नितिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में राहुल पहले, केशव दूसरे और दीपेश तीसरे स्थान पर रहे।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में दीपांशु, ईसीई में सागर और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डी फार्मेसी प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत तथा अंतिम वर्ष का परिणाम 69 प्रतिशत रहा। प्रथम वर्ष में हंसराज ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अंतिम वर्ष में संचित ने टॉप किया। चेयरमैन डॉ. हरिकिशन छिल्लर व सचिव दयाकिशन छिल्लर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का एलान किया। कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नवीन कुमार तथा फार्मेसी की प्रिंसिपल डॉ. कनिका शर्मा ने भी खुशी जताई। राजीव गोयल, मनोज टांडाहेड़ी, हीरालाल, मुकेश, सुमित, ललित, पुनीत, भूपेंद्र, तरुण, मोहित, रेणु, सुमिरन, सुनैना, सीमा, नविता, रितु, मनीषा, प्रिया, अनुष्का, दिनेश, मीनू, आशा सेठी, स्वीटी, ललिता, देवेंद्र, अनीता, अमित, निशांत, हिमांशु, अमित आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। खुशी का इजहार करते चेयरमैन डॉ. हरिकिशन छिल्लर व शिक्षक।

## जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान और महासचिव बहाल

- स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार के 24 जून के आदेश पर तत्काल प्रभाव से लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट एजुकेशन सोसायटी के नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद में शुक्रवार को नया घटनाक्रम सामने आया। हरियाणा के स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज ने जिला सोसायटी रजिस्ट्रार के 24 जून 2026 के उस आदेश के क्रियान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी, जिसमें सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और महासचिव नवदीप कुमार की आजीवन सदस्यता समाप्त कर उन्हें पदों से हटाने के निर्देश दिए गए थे।

स्टेट रजिस्ट्रार के अंतरिम आदेश के बाद दोनों को राहत मिल गई है और अंतिम निर्णय होने तक वे अपने पदों पर बने रहेंगे। जिला रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध गुलाब सिंह दिमाना और नवदीप कुमार ने स्टेट रजिस्ट्रार के समक्ष अपील दायर की थी।

अपील पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। अब मामले की विस्तृत सुनवाई राज्य स्तर पर होगी। अंतिम निर्णय आने तक जिला रजिस्ट्रार का 24 जून का आदेश प्रभावी नहीं रहेगा।

### नाथ परंपरा के गौरव का साक्षी बना गुरु गोरखनाथ राजकीय बहु-तकनीकी संस्थान

# गुरु गोरखनाथ की शिक्षाएं देती हैं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा

**विद्यार्थियों से गुरु गोरखनाथ के आदर्शों को जीवन में अपनाने का किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गुरु गोरखनाथ राजकीय बहु-तकनीकी संस्थान में महायोगी गुरु गोरखनाथ का चित्र स्थापित कर उनके जीवन-दर्शन, योग, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में नाथ परंपरा के योगदान पर संगोष्ठी एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय योगीनाथ महासभा के राष्ट्रीय समन्वयक डॉक्टर योगी अनूप नाथ, प्राचार्य दिगपाल सिंह, चेयरमैन जयभगवान गुलिया सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु गोरखनाथ के चित्र पर पुष्पार्पित करने व चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई।

मुख्य वक्ता डॉक्टर योगी अनूप नाथ ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ की शिक्षाएं आज भी योग, आत्मानुशासन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। चेयरमैन जयभगवान गुलिया ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय बहु-तकनीकी संस्थान और हिसार के राजकीय महाविद्यालय का नाम गुरु गोरखनाथ के नाम पर रखा जाना, नाथ परंपरा के सम्मान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्राचार्य दिगपाल सिंह ने कहा कि संस्थान में गुरु गोरखनाथ के चित्र की स्थापना ऐतिहासिक कदम है। इससे विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सेवा, अनुशासन और भारतीय संस्कृति की निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी।

कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया। इस मौके पर मौजीराम, विजय पटवारी, भगत राम जोगी, सत्यप्रकाश, कृष्ण जोगी, इंद्रराज नाथ, रामावतार जोगीनाथ, राममेहर जोगी, राजेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। गुरु गोरखनाथ के चित्र स्थापना के अवसर पर उपस्थित अतिथि एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता के साथ हो अस्पताल की मरम्मत

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में मरम्मत के लिए 5 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से हॉस्पिटल के 4 ब्लॉकों की रिपेयर की जाएगी। पूर्व पार्षद जसवीर सैनी ने कहा कि जनता के पैसे का उपयोग पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उनके अनुसार निर्माण कार्य में कोई अनियमितता या भ्रष्टाचार मिलने पर इसकी शिकायत विजिलेंस में की जाएगी।

### ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने से होगा तत्काल डिजिटाइजेशन

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने जिले के ऐसे सभी मतदाताओं से आह्वान किया कि जिन्होंने अभी तक अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा नहीं कराया है,ऐसे मतदाता 24 जुलाई इंतजार ना करते हुए आज ही अपना हस्ताक्षरयुक्त गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा करें। जो मतदाता स्वयं ऑनलाइन एन्यूमरेशन फॉर्म भरने में सक्षम हैं, वे ऑनलाइन प्रक्रिया का विकल्प अपनाकर तत्काल अपना गणना प्रपत्र भरें। ऑनलाइन एन्यूमरेशन के माध्यम से गणना प्रपत्र का तत्काल डिजिटाइजेशन भी संभव होगा।

### परिवार को पीटने और धमकी देने का आरोप

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा में दो परिवारों में झगड़ा हो गया। झगड़े में 2 भाईयों को अधिक चोट आने पर पीजीआई रोहतक रेफर करा पड़ा। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दूसरे पक्ष के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। आसौदा के निवासी राजेश का कहना है कि गांव में उनके मकान का निर्माण चल रहा है। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक शख्स पास आया और कहने लगा कि काम को रोक दो, हमारी नींद खराब हो रही है। मैंने उससे कहा कि बस 10 मिनट का काम बाकी है। उस शख्स का छोटा भाई व अन्य परिजन आए। आते ही गाली गलोच करते हुए मेरे सिर पर लोहे के पाइप से वार किया। मेरा छोटा भाई, पत्नी व मां आई तो उन पर हमला कर दिया।

### दक्ष ने प्राप्त की ऑल इंडिया रैंक 414, पुष्कर ने हासिल की 703वीं रैंक

# एचडी विद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नीट परीक्षा के सफल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

> एचडी ग्रुप के डायरेक्टर ने बताया कि परीक्षा में विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से शानदार सफलता हासिल की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नीट परीक्षा के घोषित परिणामों में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के 36 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट रैंक के साथ परीक्षा क्वालिफाई की है, जिनमें से सात विद्यार्थियों का सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश सुनिश्चित है।

एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की सुनियोजित तैयारी के बल पर यह शानदार सफलता हासिल की है। छात्र दक्ष ने 674 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 414 हासिल की। पुष्कर ने 665 अंक, रितेश जाखड़ ने 626 अंक, जतिन यादव ने 607 अंक, दीपांशु ने 592 अंक, आंचल ने 562 अंक, योगिता ने 559 अंकों के साथ परीक्षा में सफलता हासिल की।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर एचडी ग्रुप के सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्या प्रीति राठी ने समस्त स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों को बधाई देते हुए सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नीट परीक्षा में एलए स्कूल की छह छात्राओं ने पाई सफलता

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि उनके संस्थान की छात्रा अनुष्का, निकिता, सविता, सुनीति, ज्योति व राखी ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाई किया है। ये छात्राएं प्रतिदिन 15 घंटे से भी ज्यादा समय पढ़ाई को देती थी। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पूजा कादियान, पुष्पा यादव, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, डीपीई अमित लोहचब सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। नीट परीक्षा के सफल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नीट परीक्षा में एमआर स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

झज्जर। एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल हसनपुर के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा महक ने 572 अंक प्राप्त कर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। इसके अलावा पीयूष ने 555, आयुषी बजाड़ ने 539, ज्योति ने 482, जतिन ने 461 तथा रश्मीने 450 अंकों के साथ सफलता पाई। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान और निदेशिका संगीता कोडान ने कहा कि यह सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और बेहतर मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

### नीट परीक्षा में आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**झज्जर।** आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव एवं प्राचार्या अंजू यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा के सफल विद्यार्थियों में नेहा, भावना, दीपिका के अलावा प्रिंस शर्मा शामिल है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया।



झज्जर। विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए निदेशक जय विकास। फोटो : हरिभूमि

### नीट परीक्षा में पेस संस्थान के बारह विद्यार्थी छाए

**झज्जर।** नीट परीक्षा के घोषित परिणामों में पेस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के बारह विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक 30 हजार के भीतर स्थान हासिल कर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की मजबूत दावेदारी पेश की है। संस्थान निदेशक जय विकास ने बताया कि ड्रॉपर बैच की छात्रा महक ने ऑल इंडिया रैंक 521 प्राप्त कर संस्थान में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा अंतिम ने 1109, सिमरन ने 1768, अनिका ने 8779, दीपांशु ने 14286, अक्षरा ने 14561 तथा शिवांशी ने 21800 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

अनिका और दीपांशु ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड में 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के साथ नीट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महक इससे पहले एम्स नर्सिंग में ऑल इंडिया रैंक 42 और जेईई मेन में 98.6 पर्सेंटाइल प्राप्त कर चुकी हैं। इस उपलब्धि पर पेस ग्रुप के अध्यक्ष युद्धवीर, प्रबंध निदेशक हरीश, संदीप, सुमित चावला, अश्वनी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संस्कारम् स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने किया क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। संस्थान के सफल 15 विद्यार्थियों में तनुज ने 628, राकेश ने 611, अवनी ने 605, पिंकी ने 601, रोहित ने 599, लविशु ने 597, रजनीश ने 597, निधि ने 574, लावण्या ने 569, हनी ने 561, सायना ने 557, वर्षा ने 552, अंशिका ने 527 तथा खनन ने 526 अंकों के साथ सफलता प्राप्त की।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित नीट परीक्षा के सफल विद्यार्थी व उनके अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को दिया। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है।

उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही दिशा में किया गया प्रयास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी पूरी लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ।

### विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक

**झज्जर।** राय साहिब पंडित बसंत लाल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित हिमालय हाई स्कूल में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी नॉलेज सेंटर व इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च हरियाणा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में शशिकांत व संजीव कुमार ने विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। प्राचार्या लीला देवी ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करते हैं।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ा

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हुए बिहार मूल के बुजुर्ग ने पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल, गत 14 जुलाई को बुजुर्ग व्यक्ति जाखोदा के पास घायल अवस्था में मिला था। वह किसी वाहन की चपेट में आया था। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया था। तब से इलाज जारी था और वीरवार को उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस पीजीआई पहुंची। मृतक की पहचान करीब 72 वर्षीय देवेंद्र यादव के रूप में हुई है। देवेंद्र मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले से था। उसका बेटा टीटू यहां गांव कसार में रहता है। देवेंद्र किसी बीमारी के उपचार के लिए अपने बेटे के पास आया हुआ था। गत 14 जुलाई की सुबह घर से टहलने के लिए निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। उसका बेटा टीटू तलाश करते हुए नागरिक अस्पताल में पहुंचा और एंबुलेंस चालक से बातचीत हुई तो उसे मामले का पता चला। पीजीआई में जाकर उसने शव की शिनाख्त की। टीटू की शिकायत पर आसौदा पुलिस ने अज्ञात वाहन चाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## छारा कॉलेज में एसआईआर को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

### विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर मतदाता बनने के लिए जागरूक किया

- लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा के राजकीय महाविद्यालय में एसआईआर को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल के मार्गदर्शन तथा स्वीप प्रभारी मोहित के संयोजन में चलाए गए अभियान में विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल ने कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा



बहादुरगढ़। एसआईआर को लेकर बनाए गए पोस्टरों के साथ विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं आसपास के लोगों को भी मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित करने एवं आवश्यकतानुसार नाम जोड़ने अथवा संशोधन करवाने के लिए प्रेरित करें। स्वीप प्रभारी मोहित ने विद्यार्थियों को एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर मतदाता बनने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ मंजू मलिक, डॉ जयंत, गीतांजलि, डॉ मनोज कुमार, डॉ रेखा, सूर्यांश व प्रवीन दलाल आदि उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

### खंड स्तरीय खेलों के लिए कन्वीनर नियुक्त

**बहादुरगढ़।** खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभिन्न खेल स्पर्धाओं के लिए 13 कन्वीनर बनाए गए हैं, जबकि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य मंजू सिंह को खेलों के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि 20 से 24 जुलाई तक अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। लड़के और लड़कियां भाग लेंगी। सभी कन्वीनर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वे 16 से 24 जुलाई तक प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन, खेल सामग्री की उपलब्धता, खिलाड़ियों की व्यवस्था व अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करेंगे।

सभी नियुक्त अधिकारी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में प्रिंसिपल को रिपोर्ट करेंगे। डीपीई सुनील राणा, विवेक छिल्लर, प्रवीण, संजय, बलवान, अरुण, रवींद्र, दिनेश, विजेंद्र, विजय, जेबीटी सुरेश, पीजीटी सुनील खत्री, पीजीआई जय सिंह कन्वीनर बनाए गए हैं। डीपीई रवींद्र व शमशेर को ऑर्डिनेटर की भूमिका निभाएंगे।



बहादुरगढ़। शिविर में की जा रही बच्चों की आंखों की जांच। फोटो : हरिभूमि

### नेत्र जांच के साथ बच्चों को दी नियमों की जानकारी

**बहादुरगढ़।** सेंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल में यातायात पुलिस, सेंटर फॉर साइटनेत्र अस्पताल व एक संस्था के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों ने 105 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की और परामर्श दिया। शिविर का शुभारंभ ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार, विद्यालय की प्रिंसिपल मधु दहिया और सत्येंद्र दहिया ने किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को स्वस्थ दृष्टि के महत्व के साथ यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और स्वस्थ नागरिक ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं। नेत्र विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित जांच से आंखों की समस्याओं का समय रहते पता चल जाता है। अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए।

### सवेरा स्कूल में हुआ प्रेरणादायी कार्यक्रम

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा सवेरा स्कूल में कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता को समर्पित एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के बीजों, जिनमें लौकी, तुलसी, जामुन सहित अन्य देशी पौधों के बीजों से सीड बॉल्स तैयार किए। इन सीड बॉल्स का विद्यालय के बच्चों के बीच वितरण किया गया, ताकि वे पर्यावरण संरक्षण की इस पहल में सहभागी बनें।

संस्था सदस्य पूनम ने बताया कि स्वयंसेवी बच्चों विधि, अमन, युवराज, ऋषभ, शुभम एवं सौरभ ने विद्यालय परिसर में गुड़हल, अमरूद, अपराजिता सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। स्कूल प्राचार्य लोकेश ने बच्चों द्वारा



झज्जर। संस्था सदस्यों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शित कौशल, पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर सवेरा स्कूल की ओर से रचना, नीतू, ज्योति, अनीशा, नविता, ऋषि, प्रिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




बहादुरगढ़। बस अड्डे के निकट पौधे लगाते भाविप पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भाविप ने लगाए 11 पौधे

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद की बहादुरगढ़ शाखा द्वारा ने नए बस अड्डे के समीप 11 पौधे लगाए। साथ ही आमजन को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव मूलचंद जोशी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। पर्यावरण संयोजक वीरेंद्र कौशिक ने पौधारोपण को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी से पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया। शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता व शाखा सचिव विजय पुन्हानी ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### लुहारू फीडर में मिले दो अज्ञात लोगों के शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन से गुजरती लुहारू फीडर में दो लोगों के शव मिले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों से मामले की जानकारी लेते हुए शवों को नहर से बाहर निकलवाकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। इस दौरान एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर आवश्यक सबूत जुटाए। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले के जांच अधिकारी मिथुन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या एक मृतक की उम्र करीब चालीस वर्ष तथा दूसरे मृतक की उम्र 45 वर्ष आंकी जा रही है।

### गोवंश से क्रूरता मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा गोवंश क्रूरता मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना बेरी प्रभारी उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि 16 जुलाई को मनोज गांव दुल्हेड़ा जिला झज्जर की सूचना मिली कि भागलपुरी चौक बेरी के पास एक पिकअप गाड़ी में दो बैलों को अमानवीय तरीके से बांधकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन को रोककर जांच की। दोनों बैलों को मुक्त कर सुरक्षित रूप से गोशाला भिजवाया गया तथा पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया। पुलिस ने मौके से नरेश निवासी भिवाड़ी तथा आदिल निवासी गांव जोड़िया मेव जिला अलवर को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सत्यपाल हत्याकांड में बाइक व डंडा बरामद

**बहादुरगढ़।** उत्तरप्रदेश निवासी सत्यपाल की हत्या में इस्तेमाल हुए डंडे व बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश मूल का सत्यपाल यहां सराय औरंगाबाद में किराये पर रहता था। गत 11 जुलाई को कमरे में साथ रहने वाले 3 युवकों के साथ झगड़ा हुआ था। आरोप है कि युवकों ने डंडों से वार किए, जिसमें सत्यपाल की जान चली गई। बाद में बाइक पर शव को ले जाकर सेक्टर 17 के पास झाड़ियों में फेंक दिया गया। अब पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बाइक व डंडा बरामद कर लिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जींद में जम्मू–कटरा एक्सप्रेस-वे के हरियाणा सेक्शन यानी 117 किलोमीटर का किया उद्घाटन

# जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन से रफ्तार पकड़ेगा विकास

### एनएचएआई चेयरमैन संतोष कुमार ने किया हसनगढ़ टोल प्लाजा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** हसनगढ़ टोल पर अधिकारियों को निर्देश देते एनएचएआई चेयरमैन।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद में जम्मू–कटरा एक्सप्रेस-वे के हरियाणा सेक्शन (117 किलोमीटर) का उद्घाटन किया गया। इससे पहले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने निलोठी के निकट हसनगढ़ टोल प्लाजा का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक राजेश जून के अनुसार यह एक्सप्रेसवे क्षेत्र के आर्थिक विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त-2022 में दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था। इस महत्वकांक्षी परियोजना पर कुल 38 हजार 905 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। जिसके बाद दिल्ली से पंजाब और जम्मू-कश्मीर जाने वालों के साथ ही माता वैष्णो देवी जाने वाले यात्रियों के समय और पैसे की बचत होगी। दिल्ली से अमृतसर-कटरा जाने वाले वाहन कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सरप्रेस-वे पर आसौदा से कुंडली की तरफ चलेंगे और निलोठी गांव से इस हाइवे पर चढ़ेंगे। हसनगढ़ के निकट पहला बूथलैस टोल प्लाजा पड़ता है। दूसरा रोहतक के हुमायूंपुर, तीसरा सोनीपत के पूठी, चौथा ईस्सापुर, 5वां जींद के जामनी, छठा अलेवा और 7वां टोल प्लाजा कैथल के खरक पांडवा में बनाया गया है।

दरअसल, केएमपी एक्सप्रेस-वे से शुरू हो रहे इस हाइवे की कुल लंबाई 670 किलोमीटर है। मुख्य एक्सप्रेस-वे 570 किलोमीटर लंबा है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बहादुरगढ़ के निलोठी से पंजाब के गुरदासपुर तक 398 किलोमीटर लंबा रहेगा। ब्राउनफील्ड एक्सप्रेस-वे गुरदासपुर से कटरा तक 172 किलोमीटर लंबा होगा। वहीं नकोदर से अमृतसर तक ग्रीनफील्ड स्पर 99 किलोमीटर का होगा। फिलहाल इसे 117 किलोमीटर दूर हरियाणा पंजाब सीमा तक खोला गया है। फिलहाल फोरलेन बनाया जा रहा यह एक्सप्रेस-वे भविष्य में 8 लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। इस हाइवे के बनने से दिल्ली-कटरा के बीच दूरी 58 किलोमीटर घट जाएगी। एक्सैस कंट्रोल्ड फोरलेन सड़क पर कारें अब 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से फर्राटा भर रही हैं।

### अलर्ट पर रही पुलिस



प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर झज्जर पुलिस हाई अलर्ट पर दिखी। पूरे एक्सप्रेसवे और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एसीपी सुरेंद्र ने बताया कि वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए एक्सप्रेसवे के आसपास 160 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी कर रही हैं और संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है।

### विदेशों की तर्ज पर एक्सप्रेस वे के पास एमेनेटिज हब बनाए जाएंगे : विधायक



विधायक राजेश जून ने बताया कि जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन से हरियाणा में व्यापार, उद्योग, निवेश और रोजगार के नए अवसर बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के अन्य राज्यों के बीच बेहतर और तेज सड़क संपर्क स्थापित होगा, जिससे परिवहन और लॉजिस्टिक्स को भी मजबूती मिलेगी। विदेशों की तर्ज पर यहां एमेनेटिज हब बनाए जाएंगे।

## कई जगह बिना ढक्कन के पड़े नाले, गंदगी व ओवरफ्लो से बढ़ी परेशानी

# खुले नाले बने मौत के दरवाजे

- नालों में गिरकर बच्चे व गोवंश हो चुके हैं कई बार चोटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**झज्जर।** माता गेट क्षेत्र में खुले नाले के साथ खड़े मोहल्लावासी।

सिटी पल्स

शहर में जगह-जगह खुले पड़े नाले अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। कई स्थानों पर नालों पर कभी ढक्कन ही नहीं लगाए गए, जबकि कई जगह पुराने ढक्कन टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ऐसे में राहगीरों, बच्चों और पशुओं के साथ हादसे की आशंका बनी हुई है। नालों में जमा गंदगी और अवरोध के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। शहर के माता गेट, सीताराम गेट के गाजीकमाल मंदिर मार्ग, धौड़ चौक, भगत सिंह चौक, पुराना बर्फखाना रोड और कच्चा तलाव रोड सहित कई क्षेत्रों में नालों पर ढक्कन नहीं हैं। खुले नालों में आसपास की गंदगी लगातार गिर रही है, जिससे वे जाम हो रहे हैं। थोड़ी सी बारिश या पेयजल सप्लाई के समय पानी की अधिक निकासी होने पर गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। सीताराम गेट स्थित गाजीकमाल मंदिर मार्ग पर बाईपास के पास नाले के किनारे उगी झाड़ियों के कारण नाला दिखाई ही नहीं देता। गंदगी से अटे इस नाले से दुर्गंध फैल रही है और सफाई के अभाव में लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहरवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि सभी खुले नालों पर तुरंत मजबूत ढक्कन लगाए जाएं, टूटे कवर बदले जाएं, नियमित सफाई कराएं ताकि पानी की निकासी सुचारू ढंग से हो पाए।

### माता गेट पर खुला छोड़ा नाला

माता गेट पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान माता गेट से बुद्धो माता मंदिर तक अधिकांश नाले को पत्थरों से ढक दिया गया है, लेकिन बीच में तीन-चार मकानों के सामने नाले को खुला छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे नगर परिषद अधिकारियों से लेकर चेयरमैन तक कई बार मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसी स्थान पर एक छोटा बच्चा नाले में गिरकर घायल भी हो चुका है। समय रहते परिजनों ने उसे बाहर निकाल लिया, जिससे अनहोनी टल गई। दुकानदार दीपक ने बताया कि उसके यहां ग्राहकों का आवागमन रहता है। खुले नाले में उसका बेटा भी गिरते-गिरते बचा है।

### भगत सिंह चौक पर गोवंश हो चुका चोटिल



भगत सिंह चौक निवासी दुकानदार लाला मिस्त्री ने बताया खुला नाला हर समय दुर्घटना को न्यौता देता है। एक गोवंश गिरकर चोटिल भी हो गया था, जिसे राहगीरों द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। जिला प्रशासन को चाहिए इस प्रकार के नाले को तुरंत कवर किया जाए।

### लंबे समय से नहीं हुई नाले की सफाई



पुराना बर्फखाना रोड निवासी बाबूखान ने कहा यहां नाले की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। शाम को पानी की सप्लाई के दौरान गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो बरसाती दिनों में स्थिति गंभीर हो सकती है।

### नाले में बच्चों व बुजुर्गों के गिरने का डर



माता गेट निवासी जीते सैनी ने बताया कि उनके घर के पास नाले पूरी तरह कवर नहीं है। अभी कुछ दिन पहले उनका पोता खेलते-खेलते नाले में गिर गया था। उनके द्वारा लोहे के दरवाजे, ईंट पत्थर व किवाड़ डाल कर अस्थाई रास्ता बनाया गया है लेकिन घर के बड़े बुजुर्गों के गिरने की आशंका रहती है।

## तीन महिलाएं ज्वेलर्स की दुकान से आभूषण चोरी करके हुई चंपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के मेन बाजार स्थित एक आभूषण विक्रेता की दुकान में सामान खरीदने पहुंची तीन महिलाओं द्वारा दुकान संचालिका को चकमा देते हुए आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। दुकान संचालिका कमलेश वर्मा के अनुसार वह ज्वेलर्स की दुकान चलाती है। उसकी दुकान पर करीब साढ़े तीन बजे तीन महिलाएं पहुंची। महिलाओं ने उससे चांदी की पायजेब व चुटकी आदि चांदी के आभूषण दिखाने की बात कही।

कमलेश वर्मा के अनुसार वे महिलाएं एक के बाद एक सामान देखकर उसे वापिस रखते हुए उनसे अन्य डिजाइन वाले आभूषण दिखाने की बात करती रही। करीब बीस मिनट तक आभूषण देखने के बाद उन्हें पसंद आए आभूषणों का मोल भाव तय कराया। इसके बाद करीब पन्द्रह हजार रुपये के आभूषणों की कीमत वे साढ़े दस हजार रुपये लगाते हुए बगैर सामान खरीदे दुकान से बाहर निकल गई। इसके बाद जब दुकान संचालिका आभूषण संभालने लगी तो उसे चोरी का पता चला।

बाद में जब दुकान के सीसीटीवी चेक किए गए तो पता चला कि दुकान पर पहुंची उन तीन महिलाओं ने उसे चकमा देते हुए आभूषण चुरा लिए। इसके बाद दुकान संचालिका ने डायल 112 के माध्यम से चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा मामले की जानकारी ली। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### चेन स्नेचिंग मामले में पकड़ी गई महिला को न्यायिक हिरासत में भेजा

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा वीरवार सायं शहर के सेक्टर-6 में एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग का प्रयास करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पकड़ी गई आरोपी महिला के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी महिला को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें कि पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया था कि वह वीरवार शाम करीब साढ़े छह बजे सेक्टर के 24 मीटर रोड पर अपने पति के साथ घूम रही थी। वापसी में वे दूध लेकर जब घर की ओर जा रहे थे एक स्विफ्ट गाड़ी जिसकी दोनों नंबर प्लेट पर मिट्टी लगी हुई थी, वह रुकी। उस गाड़ी से एक महिला उतरी और उसने पीड़िता के गले पर हाथ मारकर चेन तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन पीड़िता ने सूझबूझ का परिचय देते हुए न केवल अपनी चेन को सुरक्षित रखा और आरोपी महिला को काबू कर उसे पुलिस के हवाले भी कर दिया।

### 3 पिस्तौल व 27 कारतूस के साथ 2 गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस की अलग अलग शाखा ने अवैध हथियारों सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 3 पिस्तौल व 27 कारतूस बरामद किए हैं। सीआईए-2 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे अंडरपास से एक व्यक्ति को काबू किया। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल बरामद हुई। इसके बाद उससे मिले बैग की तलाशी ली तो उसमें भी एक पिस्तौल तथा 27 कारतूस मिले। आरोपी की पहचान लाइनपार के राजेश के रूप में हुई है। उसके खिलाफ लाइनपार थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस की एवीटी सेल ने आसौदा थाना क्षेत्र से एक शख्स को हथियार सहित काबू किया। आरोपी को आसौदा से बराही रोड पर बिजली घर के पास से काबू किया गया है। आरोपी की पहचान आसौदा निवासी तरुण के रूप में हुई। उससे देशी पिस्तौल बरामद हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## एचईडब्ल्यू पोर्टल ठप होने से नगर के विकास कार्य प्रभावित

- हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल साइबर हमले की चपेट में आने के बाद अस्थायी रूप से किया गया बंद
- नए टेंडर जारी करने, कार्यों की स्वीकृति देने और भुगतान संबंधी कई प्रक्रियाएं अटकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रदेश सरकार का हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) साइबर हमले की चपेट में आने के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा संबंधी संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर विभाग ने एहतियात के तौर पर पोर्टल की सेवाएं रोक दी हैं। इसके चलते प्रदेशभर के नगर निकायों और अन्य सरकारी विभागों में इंजीनियरिंग से जुड़े कई विकास कार्यों की प्रक्रिया प्रभावित हो गई हैं। बता दें कि एचईडब्लयू पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों में विकास कार्यों के टेंडर, प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियां, ठेकेदारों का पंजीकरण, कार्य आवंटन और परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी की जाती है।

पोर्टल बंद होने के कारण नए टेंडर जारी करने, कार्यों की स्वीकृति देने और भुगतान संबंधी कई प्रक्रियाएं फिलहाल अटक गई हैं। इसका असर बहादुरगढ़ नगर परिषद में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार तकनीकी टीम पोर्टल को सुरक्षित तरीके से दोबारा शुरू करने के लिए लगातार काम कर रही है।

कार्यकारी अभियंता भारत भूषण ने बताया कि पोर्टल पर निर्भर विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है और स्थानीय निकायों में नई परियोजनाओं की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। उम्मीद है जल्द समाधान होगा।

## जेएनवी एलुमनी एसो. की बैठक

# रजनीश बेनीवाल को मिली प्रधान पद की जिम्मेदारी



**झज्जर।** बैठक के दौरान उपस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय कलोई के पूर्व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय कलोई के पूर्व विद्यार्थियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र एलुमनी एसोसिएशन कलोई के प्रधान सोमबीर सिंह ने की। बैठक में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए पिछले तीन वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी जगबीर अहलावत व सतीश चौपड़ा ने नई कार्यकारिणी में पद पाने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे। एक भी आवेदन न मिलने पर सर्वसम्मत्ति से चुनाव कराए गए। सर्वसम्मत्ति द्वारा रजनीश बेनीवाल को आगामी तीन वर्षों के लिए एलुमनी एसोसिएशन कलोई का प्रधान बनाया गया। इसके अलावा जगबीर कादियान व डिम्पल सहरावत को उपप्रधान, एडवोकेट वीरेंद्र ग्रेवाल को महासचिव, सतीश चौपड़ा व अनुराग को संयुक्त सचिव, विशाल गुलिया को कोषाध्यक्ष, रजनी हुड्डा को सह कोषाध्यक्ष, संजय बरवर को आईटी सेल इंचार्ज, दीपक को ऑडिटर, कृष्ण बसवाल को ऑडिटर, ओमवीर, जगवीर, प्रवीण जाखड़ व प्रवीण नरवाल को एक्जीक्यूटिव मेंबर तथा रवि, निर्मल दहिया, रोबिन व चमन सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके अलाव मंजीत दलाल व पूनम नांदल को राज्य प्रतिनिधि की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मानसून में भी नहीं मिली गर्मी से राहत, बिजली कटों ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**झज्जर।** मानसून का मौसम शुरू होने के बावजूद लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में बार-बार हो रही बिजली कटौती ने आमजन की परेशानी को और अधिक बढ़ा दिया है। दिन हो या रात, लगातार लग रहे बिजली कटों से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर रात के समय बिजली जाने से बच्चों व बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती का असर केवल घरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि मानसून के दौरान मौसम में राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन उमस और बिजली कटौती ने हालात और कठिन बना दिए हैं। बिजली न होने के कारण कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है, जिससे लोगों को दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रतिभा — रजत के प्रदर्शन पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई

# वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में रोहद के रजत ने जीता ब्रांज मेडल

- रजत पिछले कई वर्षों से मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



पदक विजेता रजत रुहल पहलवान।

हंगरी में चल रही सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में दमदार प्रदर्शन करते हुए रोहद गांव के रजत रुहल पहलवान ने देश के लिए ब्रांज मेडल जीता है। रजत के प्रदर्शन पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, हंगरी के बुडापेस्ट में 15 से 19 जुलाई तक वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज का आयोजन किया गया है। दुनियाभर के नामी, प्रतिभाशाली पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। बहादुरगढ़ के गांव रोहद के निवासी रजत रुहल ने 125 किलोग्राम फ्री स्टाइल वर्ग में जोर आजमाइश की। देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत ने ब्रांज मेडल जीत लिया। रजत पिछले कई वर्षों से मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास कर रहा है। इससे पहले वर्ल्ड सीनियर-जूनियर चैंपियनशिप, एशिया जूनियर-सीनियर चैंपियनशिप में देश का परचम लहरा चुका है। नेशनल तथा स्टेट में कई मेडल जीते हैं। इसके अलावा देशी दंगलों में भी लगातार धाक जमा रहा है। रजत की जीत पर अखाड़ा संचालक सोनू पहलवान कोच कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी ओमवीर पहलवान, संजय रुहल सहित परिजनों व खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि रजत बेहद होनहार पहलवान है। लगातार अपने प्रदर्शन से देश का नाम रोशन कर रहा है। यकीनन आने वाले समय में और बड़ी प्रतियोगिताओं में देश का परचम लहराएगा।

### निशा और शीतल का आर्निस वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं निशा और शीतल का चयन दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में होने वाली आर्निस वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। प्राचार्य दलबीर सिंह और शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभागाध्यक्ष राहुल तथा डॉक्टर अरूण कुमार ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया और उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि ये छात्राएं कॉलेज और देश का नाम रोशन करेंगी।